Title: Need for proper maintenance of Mahatma Gandhi Setu on River Ganga in Patna, Bihar-Laid.

डॉ0 मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया): मैं सरकार का ध्यान पटना के गंगा नदी पर स्थित जर्जर गंगा ब्रिज, जिसे महात्मा गांधी सेतु के नाम से जाना जाता है, की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग 19 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 77 को जोड़ता है। यह पुल 1982 में बना था तथा एकमात्र ऐसा पुल है जो उत्तरी बिहार और दक्षिण बिहार को जोड़ता है। इसकी दशा अत्यंत खराब और दयनीय है तथा कई जगहों से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है। हालांकि राज्य सरकार ने बोर्ड भी लगाया हुआ है कि यह पुल क्षतिग्रस्त है। पुल की महत्ता को ध्यान में रखते हुए इसका रख-रखाव तथा मरम्मत करना अति आवश्यक है अन्यथा इसकी दशा भी कोरिया के पुल की तरह होगी जहां पर पुल का आधा भाग नदी में डूब गया था।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल को अपने अधीन लेकर अच्छी तरह से मरम्मत कार्य शुरू करवाये जिससे कोई भयंकर दुर्घटना न हो सके।